संपादकीय

# सपना बनाम हकीकत

भारत की अर्थव्यवस्था फिलहाल तीन ट्रिलियन डॉलर के करीब है। तो 28 साल में यहां 50 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचना भूतो ना भविष्यति जैसे चमत्कार से ही संभव है। बहरहाल, हकीकत यह है कि देश स्टैगफ्लेशन के कगार पर है। यानी मुद्रास्फीति की दर आर्थिक विकास की दर से अधिक होने वाली है।

मुमकिन है कि उद्योगपति गौतम अडानी सचमुच वही सोचते हों, जो उन्होंने कहा है। उन्होंने कहा है कि साल 2050 तक भारत की अर्थव्यवस्था 50 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी। अगर वे ऐसा सचमुच सोचते हों, तो उसमें कोई हैरत की बात भी नहीं होगी। इसलिए कि 2002 के बाद से जिस तरह उन्होंने गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी से युगलबंदी बनाई, उसका उनके जीवन पर चमत्कारिक असर हुआ। एक छोटे कारोबारी से देश के सबसे धनी दो व्यक्तियों में उनका शामिल हो जाना किसी करिश्मे से कम नहीं है। तो ऐसा उनका सोचना जायज माना जाएगा कि अगर उनकी जिंदगी में ऐसा करिश्मा हो सकता है, तो आखिर भारत की अर्थव्यवस्था में क्यों नहीं हो सकता! बहरहाल, इसके साथ उन्होंने दूसरा जो सपना देखा है, वह बहुत छोटा है। वो यह कि तब भारत में कोई भूखा नहीं सोयेगा। यानी मानव इतिहास का सबसे धनी देश बनने के बाद भी भारत की बहुसंख्यक जनता के लिए संतोष की बात सिर्फ इतनी होगी कि उसे दो वक्त का खाना मिल जाएगा। 50 ट्रिलियन डॉलर का बाकी हिस्सा कहां जाएगा, उसके बारे में अडानी क्या सोचते होंगे, इसका अनुमान लगाया जा सकता है। बहरहाल, ये गौर करें। अमेरिका अब तक मानव इतिहास का सबसे धनी देश है और उसकी अर्थव्यवस्था अभी तकरीबन 23 ट्रिलियन डॉलर की है। चीन अब 18 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंचा है। बाकी तो कोई आसपास भी नहीं है। भारत की अर्थव्यवस्था फिलहाल तीन ट्रिलियन डॉलर के करीब है। तो 28 साल में यहां 50 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचना भूतो ना भविष्यति जैसे चमत्कार से ही संभव है। बहरहाल, हकीकत यह है कि देश स्टैगफ्लेशन के कगार पर है। यानी मुद्रास्फीति की दर आर्थिक विकास की दर से अधिक होने वाली है। गरीबों की तो छोड़िये, महंगाई अब मध्य वर्ग की जेब और बचत में भी सेंध लगा रही है। इससे मध्य वर्ग सिकुड़ रहा है। उसका अर्थ है कि देश का उपभोक्ता बाजार सिकुड़ रहा है। इसके बीच देश की आम खुशहाली की उम्मीदें लगातार धुंधली पड़ रही हैं। भुखमरी का आलम कैसा है, इसके किसी बाजार में जाकर महसूस किया जा सकता है, जहां भीख मांगने वाले लोगों की संख्या में अचानक अत्यंत वृद्धि देखने को मिल रही है। इसके बीच ऊंचा सपना देखना बहुत ही ज्यादा साहस की बात है। ऐसा सपना दिखाने के लिए देश को अडानी का शुक्रगुजार होना चाहिए!

# टॉप सर्फर और स्टैंड-अप पैडलर्स पाल्कबे नेशनल स्टैंड अप पैडल चैंपियनशिप 2022 में लेंगे भाग



**रामेश्वरम ।** सर्फिंग और स्टैंड-अप पैडलिंग (एसयूपी) खेल की शासकीय निकाई, सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने पाल्कबे नेशनल स्टैंड-अप पैडलिंग चैंपियनशिप 2022 की घोषणा की। 28 और 29 अप्रैल 2022 को पाल्कबे, रामेश्वरम दो दिवसीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी । यह प्रतियोगिता सप्ताह भर चलने वाले रामेश्वरम सुपर-वीक का हिस्सा होगी जो सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। स्टैंड-अप पैडलिंग के खेल को बढ़ावा देने और विकसित करने के उद्देश्य से 7 दिवसीय रामेश्वरम एसयूपी सप्ताह तमिलनाडु पर्यटन, जेकेआर रिसॉर्ट्स एंड स्पा, टीटी ग्रुप द्वारा इसका समर्थन एवं प्रचार किया जा रहा है और इवेंट के होस्ट, चेस्ट अकादमी (देश में खेल कौशल विकास को बढ़ावा देने वाले एसपीईएफएल-एससी पार्टनर) द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

देश भर के शीर्ष राष्ट्रीय एथलीटों ने पाल्कबे नेशनल एसयूपी चैंपियनशिप में अपनी रूचि दिखयी है जिसे देखते हुए सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, कोरोनोवायरस महामारी के कारण लंबे अंतराल के बाद राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन करवाने जा रहा । भारत के शीर्ष स्टैंड-अप पैडलर्स और मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन शेखर पचाई और तन्वी जगदीश इस प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला केटेगरी और ग्रोम्स (अंडर-16) के अन्य प्रतिभागियों के साथ अपने खिताब की रक्षा के लिए एक्शन में दिखाई देंगे। शेखर और तन्वी दोनों ने भारत का प्रतिनिधित्व किया है और अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भारत के लिए कई पदक जीते हैं।

सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव, जेहान ड्राइवर ने कहा, स्टैंडअप पैडल दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते खेलों में से एक है। भारत के तटीय क्षेत्रों के युवाओं में काफी प्रतिभा है। स्टैंडअप पैडल खेल प्रतिस्पर्धी के साथ साथ पर्यटन को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हम तमिलनाडु पर्यटन को उनके समर्थन और सकारात्मक तरीके से खेल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दिल से उनको धन्यवाद देते हैं और उम्मीद करते हैं कि पाल्कबे नेशनल एसयूपी चैंपियनशिप 2022 में कुछ शानदार प्रदर्शन देखने को मिले।

राष्ट्रीय चैम्पियनशिप तीन श्रेणियों, स्प्रिंट (200 मीटर), तकनीकी (2 किमी) और दूरी (12 किमी) में खेली जाएगी । बिना रैंक वाले एथलीटों के लिए स्प्रिंट वर्ग में अपनी पैडल ताकत दिखाने और गति का परीक्षण करने के लिए एक ओपन केटेगरी की रेस भी होगी। ग्रोम्स (अंडर-16) में क्षेत्रीय मछली पकडऩे वाली बस्तियों से भी ताकत का एक मजबूत प्रदर्शन होगा, जो रामेश्वरम में ओशन एंबेसडर फाउंडेशन के आउटरीच के तहत प्रशिक्षण ले रहे हैं।

सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष राम मोहन परांजपे ने कहा, रामेश्वरम भारत में मेरे निजी पसंदीदा स्थलों में से एक है, और मैं यहां सदियों से आ रहा हूं और मुझे विश्वास है कि पाकबे नेशनल एसयूपी चैंपियनशिप 2022, रामेश्वरम को तमिलनाडु और भारत में वाटर स्पोर्ट्स और एडवेंचर एक्टिविटीज के लिए प्रमुख स्थलों में से एक बनाने में मज़बूती प्रदान करेगी।

# स्पोर्ट्स को मौलिक अधिकार बनाये जाने का मामला, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों से मांगे सुझाव



**नई दिल्ली ।** स्पोर्ट्स को मौलिक अधिकार घोषित करने के लिये डॉ कनिष्क पाण्डेय ने उच्चतम न्यायालय में रिट याचिका (सिविल) संख्या 423 आफ 2018 डॉ0 कनिष्क पाण्डेय बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया व अन्य दाखिल कर रखी है। उच्चतम न्यायालय ने इस याचिका को स्वीकार करते हुए एमीकस क्यूरी को नियुक्त किया है। जस्टिस नागेश्वरराव और जस्टिस गवई की बेंच ने इस याचिका पर विस्तार से सुनवाई की। एमीकस क्यूरी ने जहॉ अपनी रिपोर्ट्स को स्वयं प्रस्तुत किया है, वही याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विशाल सिंह, अंजनी कुमार मिश्रा एवं राजीव दुबे ने अपने तर्क प्रस्तुत किये।

एमीकस क्यूरी की रिपोर्ट एवं उपर्युक्त वरिष्ठ अधिवक्ताओ की दलीलों को सुनने के बाद उच्चतम न्यायालय ने केन्द्र सरकार सहित सभी राज्य सरकारों को अपने सुझाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता, अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि सभी राज्यों से सुझाव प्राप्त होने के उपरान्त ग्रीष्मावकाश के बाद सुनवायी के लिये केस नियत किया जाएगा।

पूर्व ओलम्पियन एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता पद्मश्री से सम्मानित स्व मेजर ध्यानचन्द के पुत्र अशोक ध्यानचन्द ने सुनवाई पर संतोष व्यक्त करते हुए यह कहा है कि उच्चतम न्यायालय की गंभीरता से ऐसा लगता है कि खेल के क्षेत्र में भारत अग्रणी हो जाएगा।

# गेहूं की सरकारी खरीद 1.37 करोड़ टन तक पहुंची

**नई दिल्ली ।** सरकारी एजेंसियों ने रबी विपणन सत्र 2022-23 में 11 राज्यों में अब तक किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 136.93 लाख टन गेहूं की खरीद की है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की सोमवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार 24 अप्रैल तक गेहूं की खरीद से 11.99 लाख किसानों को 27,592.10 करोड़ रूपये का एमएसपी प्राप्त हुआ है।

मंत्रालय के मुताबिक रबी विपणन सत्र 2022-23 के लिए केंद्रीय पूल के तहत गेहूं की खरीद हाल ही में मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, गुजरात, बिहार और राजस्थान जैसे राज्यों में जारी है।

कल तक पंजाब से 74,18,465 टन , हरियाणा से 36,09,885 टन और मध्य प्रदेश से 25,76,010 टन गेहूं खरीदा गया था।

# अनुराग ठाकुर ने 'डेफलंपिक्स 2021' के लिए भारतीय दल को प्रस्थान से पहले दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली ।** ब्राजील में एक मई से शुरू होने वाले 'डेफलंपिक्स 2021' के लिए प्रस्थान होने से पहले भारतीय दल को गर्मजोशी भरी शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर केंद्रीय युवा मामले व खेल मंत्री श्री अनुराग ठाकुर, युवा मामले व खेल राज्य मंत्री निसिथ प्रमाणिक और अन्य गणमान्यजन इस अवसर पर उपस्थित थे।

ब्राजील के काक्सियास डो सुल में होने वाले डेफलंपिक्स में भारत के कुल 65 एथलीट भाग लेंगे, और इसके साथ ही यह भारत की ओर से डेफलंपिक्स में भाग लेने वाला अब तक का सबसे बड़ा एवं सबसे युवा दल होगा। ये एथलीट इन कुल 11 खेल स्पर्धाओं में भाग लेंगे: एथलेटिक्स, बैडमिंटन, जूडो, गोल्फ, कराटे, निशानेबाजी, तैराकी, टेनिस, टेबल टेनिस, ताइचंडो और कुश्ती। डेफलंपिक्स का आयोजन 1 मई से 15 मई तक किया जाना है।

इस दल को शुभकामनाएं देते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा, 'देश के सभी लोगों की ओर से मैं न केवल आप सभी को शुभकामनाएं देता हूं, बल्कि यह भी कहना चाहता हूं कि डेफलंपिक्स के लिए भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित होकर आपने पहले ही अपनी उत्कृष्ट क्षमता दर्शा दी है। चूंकि यह सबसे बड़ा दल है, इसलिए मुझे यह भी विश्वास है कि हम ब्राजील में सबसे अधिक पदक भी प्राप्त करेंगे। भारत खेल जगत की अगली बड़ी महाशक्ति बनेगा, चाहे वह ओलंपिक हो, पैरालंपिक हो या डेफलंपिक्स। भारत को अब कोई भी नहीं रोक सकता है। यह सदी हमारी है और हम खेल के सभी मैदानों पर भारत का झंडा फहराते रहेंगे।' केंद्रीय मंत्री ने अखिल भारतीय बधिर खेल परिषद (एआईएससीडी) और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा एथलीटों को दिए गए अपार सहयोग के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, एआईएससीडी और साई दोनों ने ही एथलीटों को काफी सहयोग दिया है।

# पारादीप बंदरगाह की क्षमता 50 करोड़ टन वार्षिक करने के निर्देश

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने ओडिशा तट पर पारादीप पत्तन से माल ढुलाई क्षमता 2030 तक बढ़ाकर 50 करोड़ टन वार्षिक करने के निर्देश दिए हैं। श्री सोनोवाल ने मंत्री के रूप में इस बंदरगाह की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा की और इस बंदरगाह परियोजनाओं की समीक्षा की।

मंत्रालय की जारी विज्ञप्ति के अनुसार पारादीप पत्तन प्राधिकरण की बैठक के दौरान श्री सोनोवाल ने विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं, पीपीए परियोजनाओं, पत्तन के कामकाज, ईज ऑफ बिजनेस पहल, हरित पहल और पत्तन की व्यापार विकास गतिविधियों की समीक्षा की। पारादीप पत्तन प्राधिकरण की बेबसाइट के अनुसार इसकी आकलित क्षमता 27.7 करोड़ टन वार्षिक है और इसे बढ़ा कर 2020 तक 32.5 करोड़ टन किया गया था।

श्री सोनोवाल ने वहां 29.68 करोड़ रुपये लागत के स्कैनर अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा जांच मानकों कंटेनर स्कैनर का उद्घाटन किया। इससे पत्तन में कंटेनर यातायात की आवाजाही को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने वहां पत्तन से मालवाहक वाहनों के निकलने के लिए एक निकास मार्ग -सह-फ्लाईओवर ( ग ति - श क्ति परियोजना का हिस्सा) की आधारशिला रखी। अनुमानित 93 करोड़ रुपये की लागत वाला यह 2.4 किलोमीटर लंबा फ्लाईओवर तैयार हो कर मार्ग पत्तन के लिए आने जाने का एक और वैकल्पिक मार्ग प्रदान करेगा।



पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री ने वहां सीवरेज उपचार संयंत्र और पारादीप कॉलेज बॉयज हॉस्टल का उद्घाटन किया और आयुष गार्डन में वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया। उन्होंने बीजू सम्मेलन केन्द्र का भी उद्घाटन किया और हितधारकों के साथ बैठक की तथा पारादीप पेट्रोलियम, केमिकल्स और पेट्रोकेमिकल्स इन्वेस्टमेंट रीजन (पीसीपीआईआर) के बारे में हुई प्रगति के संबंध में आईडीसीओ, आईओसीएल के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की।

०००० 

# शेयर बाजार में बिकवाली जारी, सेंसेक्स और निफ्टी में एक फीसदी से अधिक की गिरावट



**मुंबई ।** वैश्विक स्तर से मिले नकारात्मक संकेत और घरलू स्तर पर हुयी चौतरफा बिकवाली के दबाव में शेयर बाजार में आज लगातार दूसरे दिन बिकवाली जारी रही जिससे बीएसई का सेंसेक्स 1.08 प्रतिशत और एनएसई का निफ्टी 1.27 प्रतिशत फिसल गया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 617.26 अंक टूटकर 56579.89 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 218 अंक फिसलकर 17 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 16953.95 अंक पर उतर गया। दिग्गज कंपनियों की तुलना में छोटी और मझौली कंपनियों में बिकवाली का दबाव अधिक रहा जिससे बीएसई का मिडकैप 1.86 प्रतिशत टूटकर 24238.68 अंक पर और स्मॉलकैप 1.88 प्रतिशत उतरकर 28699.35 अंक पर रहा।

बीएसई में बैंकिंग 0.12 प्रतिशत की बढ़त को छोडक़र शेष सभी समूहों में गिरावट रही। इसमें धातु में सबसे अधिक 3.71 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी। बीएसई में कुल 3674 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2494 लाल निशान में और 1037 हरे निशान में रही जबकि 143 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

वैश्विक स्तर पर चौतरफा बिकवाली हुयी जिससे सभी प्रमुख सूचकांक लाल निशान में रहे। चीन का शंघाई कंपोजिट 5.13 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 3.73 प्रतिशत, जापान का निक्केई 1.90 प्रतिशत, ब्रिटेन का एफटीएसई 2.16 प्रतिशत और जर्मनी का डैक्स 1.71 प्रतिशत की गिरावट में रहा।

# केजीएफ 2 की सुनामी में डूबी शहीद की नाव, फ्लॉप रहा जर्सी का पहला दिन



केजीएफ 2 की सुनामी के बीच शाहिद कपूर की फिल्म जर्सी 22 अप्रैल को रिलीज हुई। केजीएफ 2 की सुनामी के बीच रिलीज होकर जैसे जर्सी ने अपने पैरों पर खुद ही कुल्हाड़ी मार ली है। क्रिटिक्स ने शाहिद की जबरदस्त एक्टिंग की तारीफ की और फिल्म को वन टाइम वॉच भी बताया। लेकिन लगता है क्रिटिक्स की तारीफों पर दर्शकों ने जर्सी देखने का मन नहीं बनाया। जिसकी वजह से फिल्म की शुरुआत धीमी रही। मीडिया रिपोर्ट्स में अनुमान है कि फिल्म ने पहले दिन महज 4 करोड़ का कलेक्शन किया है। एक पिता की इमोशनल जर्नी ने लोगों को अपनी ओर नहीं खींचा। लोग तो शाहिद की स्पोर्ट्स बेस्ड इमोशनल ड्रामा को देखने की बजाय साउथ की एक्शन एंटरटेनर केजीएफ 2 को प्राथमिकता दे रहे हैं।

केजीएफ 2 जहां 300 करोड़ कमाने की ओर है वहीं जर्सी की पहले दिन की कमाई देख लगता है फिल्म के लिए 100 करोड़ क्लब में भी शामिल नहीं हो पाएगी। केजीएफ 2 ने 9 दिन में 280 करोड़ का कारोबार कर लिया है। दूसरे वीकेंड तक फिल्म 300 करोड़ कमा लेगी।

फिल्म की बात करे तो जर्सी में शाहिद कपूर क्रिकेटर बने हैं। ये फिल्म साउथ की हिट मूवी जर्सी की रीमेक है। ओरिजिनल फिल्म के डायरेक्टर ने ही हिंदी वर्जन को भी बनाया। साउथ की जर्सी में लीड रोल में नानी थे। जर्सी के हिंदी रीमेक में शाहिद कपूर के साथ पंकज कपूर और मृणाल ठाकुर भी अहम रोल में नजर आए।

# महेश बाबू की फिल्म सरकारू वारी पाटा का टाइटल सॉन्ग रिलीज



फिल्म डायरेक्टर परशुराम पेटला की एक्शन और एंटरटेनर फिल्म सरकारू वारी पाटा का टाइटल सॉन्ग शनिवार को रिलीज हुआ। फिल्म में तेलुगु सुपरस्टार महेश बाबू मुख्य भूमिका में हैं। मेकर्स द्वारा रिलीज किया जाने वाला यह तीसरा और शानदार ट्रैक है। फिल्म के पहले के दो ट्रैक कलावती और पेनी को लोगों ने काफी पंसद किया था।

यह टाइटल सॉग फिल्म में महेश बाबू के चरित्र के बारे में है। गीतकार अनंत श्रीराम द्वारा लिखे गए इस गाने को हरिका नारायण ने गाया है।

म्यूजिक डायरेक्टर थमन ने ट्विटर पर लिखा, हमारे शक्तिशाली सरकारू वारी पाटा का यह ट्रैक आग है। हमारे अपने सुपरस्टार महेश और फैंस को मेरा प्यार।

# आज का राशिफल

***मेष***-आज आपका दिन उत्तम रहेगा। जो लोग मीडिया क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, उनके कार्यों की आज प्रशंसा होगी। कार्यों में किसी खास व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

***वृष***-आज आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। माता-पिता आपको कोई बड़ा गिफ्ट देंगे जिससे आप बड़े ही खुश नजर आयेंगे। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे।

***मिथुन*** -आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। ऑफिस में आपको कुछ लोगों से मदद भी मिलेगी। इस राशि वाले छात्रों को आज पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे।

***कर्क*** - आज आपका दिन सामान्य रहेगा। इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आपको सोच-समझकर ही लेने चाहिए। किसी पुरानी बात को लेकर आज आप थोड़े उलझन में रहेंगे।

***सिंह*** -आज आपका दिन घूमने-फिरने में अधिक बीतेगा। पैसों की स्थिति में बड़े बदलाव होने की संभावना है। आपके काम से आपका जीवनसाथी प्रसन्न रहेगा।

***कन्या*** -आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं को आज किसी बड़ी कंपनी से इंटरव्यू के लिए काल आयेगी।

***तुला*** -आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। कहीं रुका हुआ पैसा आपको वापस मिलेगा। आप अपने जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान कैंसिल कर सकते हैं। ऑफिस में काम ज्यादा होने की वजह से आज आप घर देर से जायेंगे।

***वृश्चिक*** -आज आपका दिन अच्छा रहेगा। इस राशि के कॉलेज के स्टूडेंट्स को नयी गतिविधियों में शामिल होने का मौका मिलेगा। रुके हुए सरकारी काम पूरे हो जायेंगे। दोस्तों की सलाह आपके बहुत काम आएगी।

***धनु*** -आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढिय़ा है।

***मकर*** -आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। ऑफिस में जल्द ही आपको कुछ नई जिम्मेदारियां मिलेंगी। आपको अपनी मनपसंद कंपनी में इंटरव्यू के लिए कॉल आयेगी। आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे।

***कुंभ*** -आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। किसी रचनात्मक कार्य में आपका नाम होगा। मन की कोई खास इच्छा पूरी होगी। आपको आर्थिक मामलों में लाभ मिलेगा। बच्चे आपको कोई शुभ समाचार देंगे, जिससे परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे।

***मीन*** -आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद रहने वाला है। मेहनत के बल पर आज आपको कार्यों में सफलता मिलेगी। घर पर अचानक कोई रिश्तेदार आ सकते हैं, जिससे घर के माहौल में कुछ अच्छे बदलाव आयेंगे।

# हर किसी को पसंद आएगा 'पुदीना लच्छा पराठा'



दाल पानिया एक दाल पकवान है जो लकड़ी का कोयला और पत्तियों से ढक कर तैयार किया जाता है। यह मध्य प्रदेश की एक मशहूर डिश है जिसे आप वहां जाए बगैर भी चख सकते हैं। जानें रेसिपी

## सामग्री :

गेहूं का आटा- 1 1/4 कप, तेल- 2 टीस्पून, नमक- स्वादानुसार, पानी- आवश्यकतानुसार

**फिलिंग के लिए-** पुदीने की पत्तियां- 3/4 कप, जीरा पाउडर- 1/2 टीस्पून, अमचूर पाउडर- 1/4 टीस्पून, घी- आवश्यकतानुसार, नमक, तेल- पराठे सेंकने के लिए

## विधि :

- एक मिक्सिंग बाउल में आटा, नमक और तेल डालकर हाथों से मिक्स कर लें।
- अब इसमें धीरे-धीरे पानी डालते हुए नरम आटा गूंथ लें।
- अब पुदीने की भरावन तैयार करेंगे। जिसके लिए सबसे पहले पुदीने की पत्तियों को धोकर बारीक काट लें।
- तवे पर एक मिनट तक इन्हें भून लें।
- इन पत्तियों को एक बाउल में डालें और उसमें नमक, अमचूर पाउडर, जीरा पाउडर डालकर मिक्स करें। पानी लगे तो निचोड़कर उसे निकाल लें।
- आटे को 6 से 7 भागों में बांट लें। लोई को बड़ा सा बेल लें और उसमें पूरी लोई पर पुदीने वाला भरावन लगाएं। अब पूड़ी को साड़ी की प्लीट्स की तरह मोड़ती जाएं और अंगूठे को बीच में रखते हुए इस पूड़ी को फिर से गोल शेप दें।
- एक बार फिर से बेल लें। चाहें तो ऊपर थोड़ा सा और पुदीने वाला भरावन लगा दें।
- तवे को गरम होने के लिए रख दें।
- अब पराठे को मीडियम आंच पर संकते जाएं।

# शब्द सामर्थ्य- 54

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 53 का हल



# सू-दोकू- 54



नियम

1. कुल 81 वर्ग है, जिसमें 9 वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रखना है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम, कतार और खंड में 1से9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.53 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |